प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 12.09.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। दो दिन के इस सम्मेलन में 11 पूर्ण सदस्य देश और 10 साझेदार देशों सहित कुल 21 देश हिस्सा ले रहे हैं। 11 पूर्ण सदस्य देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया शामिल है। जबकि बेलारूस, बोलीविया, कजाखस्तान, क्यूबा, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम साझेदार देशों के रूप में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में वैश्विक शासन, बहुपक्षवाद, व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फताह अस्सीसी, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन सहित कई प्रमुख नेता सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन की शुरुआत ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच "समावेशी वैश्विक शासन और बहुपक्षवाद को मजबूत करने" विषय पर सत्र से होगी।

0000

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के तहत सभी 309 निकायों के लिए वोटो की गिनती 14 सितम्बर को की जायेगी। मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि मतगणना शांतिपूर्ण और समयबद्ध तरीके से कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने बताया कि गणेश चतुर्थी के पर्व को देखते हुए मतगणना की व्यवस्थाओं में आंशिक बदलाव किया गया है। जयपुर नगर निगम की मतगणना भवानी निकेतन कॉलेज में होगी, जबकि जिले के अन्य 18 निकायों में संबंधित निकाय मुख्यालय पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में मतगणना होगी। वहीं, कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए मतगणना के दिन विजय जुलूस निकालने पर रोक रहेगी। हालांकि, प्रत्याशी प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के बाद अपने घर पर समर्थकों के साथ जश्न मना सकेंगे। आयोग के अनुसार, भड़काऊ नारों और माहौल खराब होने की आशंका को देखते हुए विजय जुलूस पर रोक लगाई गई है।

0000

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के आज सात वर्ष पूरे हो गए हैं। छोटे और सीमांत किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना वर्ष 2019 में आज ही के दिन शुरू की गई थी। योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को 60 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद हर महीने कम से कम तीन हजार रुपये की पेंशन सुनिश्चित की गई है। इस पेंशन योजना का उद्देश्य किसानों को वृद्धावस्था में आर्थिक स्थिरता और सम्मान के साथ जीवन जीने में सहायता देना है, ताकि उनका जीवन अधिक सुरक्षित और शांतिपूर्ण हो।

0000

सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर मेला आज से विधिवत पूजा और ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ। तीन दिन तक चलने वाले मेले के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। साथ ही मेले को सिंगल यूज प्लास्टिक तथा डिस्पोजल सामग्री से मुक्त रखा जाएगा। जिला कलक्टर कानाराम ने मेलार्थियों से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि मेले में स्वच्छ भंडारा लगाने वाली संस्थाओं को नगद राशि से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

उधर जैसलमेर जिले में आज से रामदेवरा मेले की भी शुरूआत हुई है। श्रद्धालुओं की संभावित तादाद को देखते हुए प्रशासन और रेलवे की ओर से तैयारियां की गई हैं। रेलवे की ओर से लालगढ़ से रामदेवरा के बीच दो जोड़ी मेला स्पेशल रेलगाडियां चलायी जायेगी। ये रेलगाड़ियां 19 सितम्बर से 22 सितम्बर तक चार–चार ट्रिप चलेंगी। दोनों रेलगाडियों का कोलायत और फलौदी स्टेशनों पर ठहराव होगा।

0000

प्रदेश में बीते एक हफ्ते से सुस्त पडा मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। कल भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में दोपहर बाद मौसम ने करवट ली। कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई तो कहीं तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल दिया। बारिश और बादलों के असर से जयपुर, दौसा सहित कई शहरों के तापमान में गिरावट आई, जिससे गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली है। बीते 24 घंटे के दौरान जयपुर, अलवर, भरतपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर, करौली, धौलपुर, सीकर, बूंदी, बारां और झालावाड़ के कई इलाकों में बारिश हुई। अलवर के कोटकासिम में सबसे अधिक 45 मिलीमीटर बारिश मापी गई। मौसम विभाग ने आज 29 जिलों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार बारिश का ये दौर 15 सितंबर तक जारी रहने की संभावना है।

0000